नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                                     दिनांक : 26.12.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में **''राष्ट्रधर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं''** विषय पर **वाद–प्रतिवाद प्रतियोगिता** आयोजित की गयी जिसमें 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। पक्ष में प्रथम स्थान रहे सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि 'राष्ट्रवाद से बड़ा कोई धर्म नहीं क्योंकि राष्ट्रवाद ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है।' प्रतिपक्ष में प्रथम स्थान रहे अंकित कुमार पाण्डेय ने कहा कि 'अटल जी ने कहीं थी हिन्दू राष्ट्र की बात।' पक्ष में द्वितीय स्थान पर रहे राहुल गिरी ने कहा कि 'हिन्दू राष्ट्र ही है सबसे बड़ा राष्ट्रवाद।' पक्ष में तृतीय स्थान रहे अलोक कुमार तिवारी, प्रतिपक्ष में हिमानी मिश्रा ने द्वितीय एवं विशाल कुमार दूबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाईयों के सभी स्वयं सेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने कहा कि 'किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए साम्प्रदायिक सद्भाव बहुत आवश्यक है। सामाजिक समरसता हेतु हम सब की सामुहिक भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।' कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्री बृज भूषण लाल ने मुख्य अतिथि को आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डॉ. यशवन्त कुमार रॉव, डॉ. आरती सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय, श्री सुबोध कुमार मिश्र, डॉ. पी.के. शाही, डॉ. अजय कुमार निषाद, श्रीमती शिप्रा सिंह, डॉ. अनुभा सिंह सहित सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी